## खबर संक्षेप



### इस्कॉन में मनाया भगवान जगन्नाथ उत्सव

**कुरुक्षेत्र।** इस्कॉन कुरुक्षेत्र द्वारा ज्योतिसर स्थित श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में बहुत ही भव्य स्तर पर भगवान जगन्नाथ का स्नान यात्रा एवं प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इसमें खन्ना से आए गोविंद प्रभु प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर ने साक्षी गोपाल प्रभु अध्यक्ष इस्कॉन कुरुक्षेत्र के साथ भगवान जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा जी का अभिषेक किया। उत्सव में मधुर कीर्तन, कथा और विशाल भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था थी।

### सहयोग एक कोशिश संस्था ने लगाया शिविर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीअनंत कॉम्प्लेक्स राजिन्द्र नगर कुरुक्षेत्र में सहयोग एक कोशिश संस्था की चतुर्थवर्षगांठ पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका शुभ आरंभ संत दिव्यनंद के हाथों से दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्त दान शिविर में चेयरमैन उमा सुधा, संस्था के संस्थापक साहिल गाबा, ईशू, शिवम, अमन डॉक्टर अंशुल ग्रोवर, डॉक्टर सुरेंद्र मेहता, डाक्टर चेतन वर्मा, प्रिन्सिपल राजीव चावला, प्रिन्सिपल कंवल सचदेवा, प्रिन्सिपल बीके चावला, चंद्र प्रकाश धमिजा ने रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया।

### केयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में मंगलवार को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकुला व कुवि के सरस्वती नदी उत्कृष्ट शोध केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 11 बजे एक थी नदी सरस्वती विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्यातिथि होंगे व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर अपना विशिष्ट उद्बोधन देंगे।

### कोचिंग संस्थान के 21 विद्यार्थियों को दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा लोक सेवा आयोग में महात्मा गांधी अखिल भारतीय सेवा कोचिंग संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 21 विद्यार्थियों का चयन होने पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास धर्मशाला के प्रधान सूरजभान नरवाल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण मंच के प्रधान हरिसिंह ने संस्थान के निदेशक प्रो. जोगिंदर सिंह को संत शिरोमणि गुरु रविदासजी का चित्र भेंट कर एवं उनके जन्मदिवस पर केक काटकर संस्थान की उत्कृष्ट सफलता के लिए बधाई दी। सूरजभान नरवाल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को भी बधाई दी व आभार जताया और कहा कि प्रो. जोगिंदर को निदेशक नियुक्त करना अच्छा निर्णय है। जिसका परिणाम आज हम सबके सामने है जो प्रत्येक सदस्य व चयनित विद्यार्थियों के चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

## दाखिल प्रक्रिया के दूसरे दौर की तैयारी में जुटे संस्थान

# कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज

### 25 जून को ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया पर ब्रेक लग जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

तीन जून से शुरू हुए कालेजों में नामांकन के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया आज समाप्त हो जाएगी। इसके बाद विद्यार्थियों के कागजातों की वेरिफिकेशन होनी है। कागजातों की जांच के बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। दाखिला प्रक्रिया के अंतिम दौर में पहुंचने के साथ ही विद्यार्थियों की धड़कनें भी बढ़ने लगी हैं। विद्यार्थी यह सोच रहे हैं कि उनका नाम किस कॉलेज में आए। वहीं दूसरी ओर कॉलेज भी अब दाखिल प्रक्रिया के दूसरे दौर की तैयारी में जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि 3 जून 2024 को कॉलेजों में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई थी। हालांकि इस दौरान विद्यार्थियों को पोर्टल के धीमा चलने या फिर हैंग होने से परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

अब 25 जून को ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया पर ब्रेक लग जाएगा। इसके बाद 28 जून तक कॉलेजों दस्तावेजों की वेरिफिकेशन व मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। 2 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसी तरह विद्यार्थियों को 4 से 8 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय मिलेगा। सीटें खाली रहने की स्थिति में 9 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। इस सूची में शामिल विद्यार्थियों के लिए फीस जमा करवाने की तिथि 10 से 12 जुलाई तक रहेगी।

राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल की प्राचार्या गगनदीप कौर ने बताया कि कॉलेज में आवेदन करने का आज अंतिम दिन हैं। अंतिम दिनों में आवेदन की संख्या में इजाफा हुआ है। सरकारी कॉलेज में भी आवेदनों की संख्या बढ़ी है। सरकारी कॉलेज के प्रति विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा है।



कुरुक्षेत्र। राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में अब तक आए आवेदन:

| प्रोग्राम | सीटें | आवेदन |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्टस | 320 | 297 |
| बैचलर ऑफ आर्टस विद मेजर इन इंग्लिश | 40 | 9 |
| बैचलर ऑफ आर्टस विद मेजर इन मैथमेटिक्स | 20 | 6 |
| बैचलर ऑफ कॉमर्स | 160 | 133 |
| बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन | 40 | 118 |
| बैचलर ऑफ साईंस इन फिजिकल साईंसेस | 100 | 82 |
| बैचलर ऑफ साईंस विद मेजर इन मैथमेटिक्स | 20 | 21 |

### दाखिले के लिए सीटों से दोगुने आवेदन आए

जिले के तमाम कॉलेजों में कुल सीटों से ज्यादा आवेदन हो चुके हैं। सीटों से ज्यादा आवेदन होने पर कट ऑफ लिस्ट काफी हाई जाएगी। इस बार हरियाणा और केंद्रीय बोर्ड के विद्यार्थियों का 12वीं का परिणाम बेहद शानदार आया है। पास प्रतिशत के अलावा मेरिट व प्रथम श्रेणी में पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले सालों की तुलना में काफी ज्यादा है। ऐसे में इस बार कॉलेज में मेरिट लिस्ट काफी हाई रहेगी। जिले में 12वीं पास विद्यार्थियों की संख्या जिले के सभी कॉलेज की कुल सीटों की संख्या से ज्यादा है। विद्यार्थी ज्यादा होने के कारण विद्यार्थियों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इस बार हरियाणा बोर्ड से करीब 6600 और सीबीएसई से करीब 6500 विद्यार्थियों ने 12वीं पास की है। इसके अलावा ओपन बोर्ड के विद्यार्थी हैं।

## कारगिल में शहीद जवान हमारे दिलों में करते हैं राजः संदीप गर्ग

### संदीप गर्ग के कार्यालय पर कारगिल यात्रा का किया स्वागत



लाडवा। अनाजमंडी में भाजपा नेता संदीप गर्ग कारगिल यात्रा में भाग रहे कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

सोमवार को शहीद सेवा दल हरियाणा द्वारा निकाली जा रही कारगिल यात्रा, लाडवा अनाजमंडी में भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के कार्यालय पर पहुंची। जहां पर समाजसेवी संदीप गर्ग व उनके साथियों द्वारा यात्रा में चल रहे कार्यकताअरं का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि 25 वर्ष पहले हमारे प्रदेश के कारगिल युद्ध में हरियाणा के 74 सैनिक शहीद हो गए थे, जिनकी याद में यह कारगिल यात्रा निकाली जा रही है और हरियाणा के गांव-गांव जाकर जहां पर सैनिक जो शहीद हुए थे उनके स्मारक आदि बने हुए हैं, उन्हें पुष्पार्पित करने के लिए जा रही है, यह एक बहुत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि हम उन सैनिकों को कभी नहीं बुला सकते, जिन सैनिकों ने हमारे लिए बलिदान दिया है वे सदा हमारे दिलों में जिंदा रहते हैं। वहीं शहीद सेवा दल के प्रदेशाध्यक्ष सावन सिंह ने कहा कि यह जो कार्य शहीद सेवा दल के द्वारा किया जा रहा है, इसमें पूरा समर्थन प्रदेश के अंदर उनके दल को मिल रहा है और सभी लोग सम्मान कर रहे हैं।

### शीघ्र चलाया जाए ट्रांसफर ड्राइव

**थानेसर।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति,हरियाणा की ओर से शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की मांग को लेकर हरियाणा सरकार के मंत्री सुभाष सुधा के पीए को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों के सभी वर्गों के लिए शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि मंत्री को अचानक अयोध्या जाना पड़ गया। अतः उनके पीए को नीलकंठ यात्री निवास में ज्ञापन दिया गया जिसमें साफ रूप से मांग की गई कि ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए और 27 जून को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में भी इसे रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस समय ट्रांसफर ड्राइव नहीं चलाया गया,तो न केवल शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा बल्कि शिक्षा विभाग की व्यवस्था भी गड़बड़ायेगी। मंत्री के पीए ने समिति को पूरा आश्वासन दिया कि उनकी मांग मुख्यमंत्री तक न केवल भिजवाई जाएगी बल्कि लागू करवाने का भी प्रयास किया जाएगा।

## पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 मुख्यालय करनाल की बैठक जल घर सीएचसी पर हुईद्ध। बैठकमें प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान, प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह चट्ठा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में मुख्य सलाहकार विश्वनाथ शर्मा व प्रांतीय मुख्य प्रैस प्रवक्ता रामकुमार प्रजापत उपस्थित रहे। इस कारण प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए संगठन द्वारा उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की मीटिंग में निर्णय लिया गया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ में जो राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी व विभागीय संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व जिला प्रधान /सचिवों की कन्वेंशन लोक निर्माण विभाग के यूनियन कार्यालय जींद में 29 जून 2024 को समय 10 बजे होनी निश्चित हुई मांगों को लागू न करने के विरोध में ही 25 जुलाई को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ बनवारी लाल के आवास बावल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन सौपा जाएगा जाएगा, 6 अगस्त को सिंचाई विभाग मंत्री हरियाणा सरकार डॉ अभय सिंह यादव के आवास नारनौल का घेराव कर मांगो का ज्ञापन दिया जाएगा व 22 अगस्त को मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के गृह क्षेत्र नारायणगढ़ में कैंप कार्यालय का घेराव करके कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### 13 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 13 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से पारूल सैनी व अमरदीप, हिन्दी से रानी देवी, शिक्षा विभाग से शमा लुथरा, ललित कला से गुरिन्द्र सिंह, संगीत से नेहा चौहान, विधि से सरोज व राजवीर, बॉटनी विभाग से हरिश, माइक्रोबायोलॉजी से नवीन, केमिस्ट्री से सुभाष व सुरेश कुमार तथा अर्थशास्त्र से अश्वनी शामिल हैं।

## देश की उन्नति एवं विकास में विज्ञान की अहम भूमिकाः इंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को सम्मानित करती खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक।

श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी(स्काइट) कुरुक्षेत्र में समर स्कूल प्रेरणा 2024 का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक ने कॉलेज के डायरेक्टर डीडी शर्मा, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक, डीएमएस विजय कुमार, विद्याधन शर्मा, सोसाइटी के अमन कुमार व एसपीएसटीआई के मेंटर्स के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 21 दिवसीय समर स्कूल में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान एवं गणित के समीकरणों को खेल-खेल में सीखा। कार्यक्रम के समापन समारोह में डॉ तरसेम कौशिक ने सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया के सभी पदाधिकारियों विशेषकर सोसायटी के अध्यक्ष धर्मवीर, महासचिव कीया धर्मवीर, कॉलेज के डायरेक्टर डीडी शर्मा, कोऑर्डिनेटर महिपाल शर्मा तथा विभिन्न संस्थानों से आए हुए विद्यार्थी शिक्षकों चिराग, अंजू, अंजनीनंदन, भावना ललित का धन्यवाद किया।

## सीएम ने पिछड़ा वर्ग को नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देकर रचा इतिहास : रंबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



रामकुमार रंबा।

हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने सिरसला रोड कुरुक्षेत्र में स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नौकरियों में पिछड़ा वर्गों का आरक्षण 27 प्रतिशत प्रथम व द्वितीय क्लास की नौकरियों में 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करना और यह आरक्षण बीसी ए व बीसी बी को भी दिया जाएगा और पिछला जो बैक लॉग पड़ा है उसको भी शीघ्र पूरा किया जाएगा और कौशल रोजगार निगम में भी 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा और क्रीमिलेयर 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपए कर दी है इसमें नौकरी व किसानों की आय नहीं जोड़ी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा योजना के तहत समाज के लोगों के लिए 18 ट्रेड में प्रशिक्षण देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। साथ ही इस योजना के तहत ओबीसी वर्ग के लोग अपने पारंपरिक कार्यों के प्रति आगे बढ़ सकें इसके लिए कल्याणकारी योजना चलाई हैं। रामकुमार रंबा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछड़ा वर्ग को एक सौगात दी है। रामकुमार रंबा ने पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में आने वाले विधानसभा चुनाव में पूरी बहुमत से हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी फिर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे।

## थानेसर हल्के से लड़ूंगा हक और विकास की लड़ाई : डीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ग्रामीणों को संबोधित करते डीडी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

वरिष्ठ बीजेपी नेता एंव पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार नें जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाई भतीजावाद से ऊपर उठकर 36 बिरादरी के हित में काम किया है, यही कारण हैं कि देश कि जनता नें तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी को देश की बागडोर दी है। डीडी शर्मा अमरगढ़ और बीड़ पीपली पंहुचे जहां ग्रामीणों नें उन्हें सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। अमरगढ़ मझाड़ा के पूर्व सरपंच संजीव कश्यप के नेतृत्व में युवाओं ने डीडी शर्मा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और आगामी चुनाव में खुलकर समर्थन सहयोग का वादा किया। डीडी शर्मा के आह्वान पर अमर गढ़ मझाड़ा के लोगों नें हाथ उठाकर उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान पंडित जय भगवान शर्मा ने थानेसर हल्के में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के दौरे के दौरान लोगों से सार्थक संवाद किया। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीण सरपंच से जिला परिषद चेयरमेन, विधायक, सांसद समेत कई मोर्चो पर जनता के हक के लिए लड़ चुके हैं। उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन में बड़े उतार चढ़ाव देखे हैं पर कभी हिम्मत नहीं हारी। इस अवसर पर संजीव कश्यप पूर्व सरपंच, वीरेंद्र अटवाल बीड अमीन सरपंच, रजनीश खासपुर, चंद्रभान पूरा जसवीर आदि मौजूद रहे।

## श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा ने महाराजा फिल्म का किया विरोध



कुरुक्षेत्र। महाराजा फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर श्री ब्राह्मण एवम तीर्थोद्धार सभा के सदस्य विरोध प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री ब्राह्मण मित्र एवं तीर्थोद्धार सभा ने सोमवार को रेणुका सदन में एकत्रित होकर महाराजा फिल्म के रिलीज होने पर विरोध दर्ज करके रोक लगाने की मांग की। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा के नेतृत्व में सभा के सदस्यों ने मांग की कि महाराजा फिल्म के रिलीज होने पर रोक लगाई जाए। क्योंकि फिल्म में भगवान श्रीकृष्ण, संत और महात्माओं के लिए अनुचित एवम घृणित शब्दों का प्रयोग किया गया है जिससे सनातन धर्म की आस्था को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में सनातन धर्म के संत, गुरु, आचार्य और महाराजाओ जैसे पवित्र शब्दों को खलनायक के रूप में दर्शाया गया है।

## गुरुकुल में चल रहे राष्ट्रीय शिविर का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चल रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर का 25 जून मंगलवार को समापन होगा। समापन समारोह में जेबीएम गुरप के चेयरमैन एवं अखिल भारतीय दयानन्द सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार आर्य बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, वहीं पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित वैदिक विदूषी डॉ. सुकामा आचार्या समारोह में मुख्य वक्ता रहेंगी। सायंकाल होने वाले इस भव्य समारोह में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संरक्षक कन्हैया लाल आर्य एवं हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे रहे हैं। इसके अतिरिक्त आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री उमेद शर्मा, सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल हरियाणा की संचालिका डॉ. अमरकौर आर्या, दिल्ली की संचालिका शारदा आर्या, उत्तर प्रदेश की संचालिका बहन पवित्रा विद्यालंकार, राजस्थान की संचालिका सरोज आर्या भी समारोह में उपस्थित रहेंगी। गुरुकुल के प्राचार्य सूबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने आज समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने बताया कि समापन समारोह में आर्य वीरांगनाओं द्वारा शिविर में 10 दिनों तक सीखे गये प्रशिक्षण का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही अनेक हैरतअंगेज करतबों की प्रस्तुति होगी।

### रात्रि कीर्तन समागम में संगत ने लिया भाग

**कुरुक्षेत्र।** श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित रात्रि कीर्तन समागम भी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेंटी द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में करवाया गया। इसमें हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं इलाके की संगत ने बड़े उत्साह एवं श्रद्धाभाव से भाग लेकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की। इस दौरान श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी के प्रधान तेजिंदर सिंह मक्कड़ के नेतृत्व में सदस्यों ने संगत की सेवा में दूध, चाय, बिस्किट, ठंडा दूध, शरबत मिष्ठान आदि की सेवा में स्टाल लगाए। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट की जूनियर मीत प्रधान बीबी रविंद्र कौर एवं प्रदेश प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने शिरकत की। उन्होंने गुरु चरणों में नतमस्तक हुई साध संगत एवं सभी संत महापुरुषों, सभा सोसायटियों का सहयोग करने पर धन्यवाद किया।

## शहर के मुख्य पार्क के झूले टूटे, बच्चे मायूस

# देवीलाल पार्क के टूटे हुए झूलों को करें दुरुस्त : अंकित



कुरुक्षेत्र। पार्क में लगे टूटे हुए झूलों को दिखाते एडवोकेट अंकित गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- पिछले कई माह से टूटे पड़े झूले
- बच्चों ने की टूटे झूलों को ठीक कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर के पार्कों की हालत खस्ता बनी हुई है। सबसे ज्यादा बुरा हाल शहर के सबसे बड़े देवीलाल पार्क का है। इस पार्क में लगाए गए झूले टूट गए हैं। इसके कारण बच्चे झूला झूलने से वंचित हो गए हैं। वहीं, इन टूटे झूलों की कोई सुध तक लेने वाला नहीं है। शहर के सबसे बड़े देवीलालज पार्क में लगे पिछले कई माह से टूटे पड़े है। झूले टूट जाने की वजह से पार्क में झूलने के लिए आने वाले बच्चे हताश हैं। बच्चों का कहना है कि प्रशासन को इन झूलों को ठीक कराना चाहिए, ताकि वे इन पर झूलकर अपना मनोरंजन कर सकें। पार्क में कई तहत के झूले लगाए गए थे। मगर अब हालत यह है कि इनमें से अधिकतर झूले टूट गए हैं। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव व वर्ल्ड मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बच्चों के मनोरंजन के लिए देवी लाल पार्क में लगे टूटे हुए झूलों को ठीक करने की अपील की। गुप्ता ने बताया कि स्थानीय निवासियों द्वारा उनके संज्ञान में लाया गया है कि शहर के देवी लाल पार्क में लगे ज्यादातर झूले पिछले कई माह से टूटे हुए हैं। इससे पार्क आने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। टूटे झूलों को सही कराने की मांग पार्क मे आने वाले स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार की जा चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अंकित गुप्ता ने प्रशासन से अपील की कि हरियाली के साथ ही पार्क में आने वाले बच्चों के मनोरंजन का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिये। देवी लाल पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए थे। इससे पार्क में आने वाले बच्चों का भरपूर मनोरंजन होता था, लेकिन पिछले कई माह से झूले टूटे हुए हैं। पार्क में आने वाले चांद, नीरज आदि का कहना है कि झूले लगवाने के बाद प्राधिकरण उनकी देखरेख नहीं करता है। झूलों को ठीक करने की मांग कई बार की जा चुकी है हर बार आश्वासन ही दिया जा रहा है।

